# अध्याय - 2 भारत का भौतिक स्वरुप

## स्मरणीय तथ्य

- भारत एक विशाल भूभाग है जिसका निर्माण विभिन्न भूगर्भीय कालों के दौरान हुआ है जिसने इसके उच्चावच को प्रभावित किया है अपक्षय, अपरदन एवं निक्षेपण आदि प्रक्रियाओं ने भी इसके उच्चावच को प्रभावित किया है।
- भारत का भौगोलिक वितरण:-

  **1. हिमालय पर्वत:-**

  - हिमालय पर्वत सबसे ऊँची और नवीनतम वलित पर्वत श्रेणी है जो भारत की उत्तरी सीमा पर 2,400 कि.मी. तक फैली हुई है। इनके उच्चावच की सतह अत्यधिक ऊबड़-खाबड़ है।
  - ये पर्वत शृंखलाएँ पश्चिम से पूर्व की ओर सिन्धु नदी से ब्रह्मपुत्र नदी तक फैली है। इनकी चौड़ाई कश्मीर में 400 कि०मी० से अरुणाचल प्रदेश में 150 कि.मी. तक है।
- अपने अक्षांशीय विस्तार के साथ हिमालय को तीन भागों में बाँटा जा सकता है:-
  - **हिमाद्री या महान हिमालय:-** सबसे उत्तरी भाग में स्थित शृंखला को महान या आंतरिक हिमालय अथवा हिमाद्री कहा जाता है। इन श्रेणियों के बीच में बहुत सी घाटियाँ है। यह सबसे अधिक सतत् शृंखला है जिसमें सबसे ऊँचे पर्वत शामिल हैं जिनकी औसत ऊँचाई 6,000 मी. है। इसमें सभी प्रमुख हिमालयी चोटियाँ आती हैं।
  - **हिमाचल / निम्न हिमालय :-** हिमाद्री के दक्षिण में स्थित शृंखला हिमालय पर्वत शृंखला में सबसे अधिक असम है और हिमाचल या निम्न हिमालय के नाम से जानी जाती है। यह शृंखला मुख्यतः अत्यधिक संपीडित कायांतरित चट्टानों से बनी है। पीर पंजाल शृंखला सबसे बड़ी एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण शृंखला का निर्माण करती है। कुछ अन्य महत्वपूर्ण शृंखलाएं धौलाधार और महाभारत शृंखलाएं हैं।
  - **शिवालिक / बाहरी हिमालय :-** हिमालय की सबसे बाहरी शृंखला को शिवालिक कहा जाता है। यह हिमालय की सबसे कम ऊँचाई की पर्वत शृंखला है। इसका निर्माण गहन वनों एवं कृषि योग्य भूमि से हुआ है। सीढ़ीनुमा खेती एवं भेड़ पालन इस क्षेत्र में बहुत आम है। यहाँ न तो अधिक गर्मी है और न ही अधिक ठंड जिससे यहाँ का मौसम सुहाना बना रहता है। इसलिए इस क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व अधिक है। यहाँ भिन्न प्रकार की वनस्पति पाई जाती हैं।
- **हिमालय का महत्त्व:-**
  - भारत और चीन के बीच एक प्राकृतिक सीमा का निर्माण करता है और हमारे देश को शत्रुओं से रक्षा करता है।
  - भिन्न प्रकार की वनस्पतियाँ उपलब्ध कराता है।
  - हिम से ढकी हुई चोटियाँ पूरे वर्ष पानी उपलब्ध कराने वाले स्रोत का काम करती है।
- **उत्तर का मैदान:-**
  - उत्तर का विशाल मैदान पश्चिम में पंजाब से लेकर पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी तक है।
  - उत्तर के मैदान का निर्माण तीन बड़ी नदियों सिन्धु, गंगा एवं ब्रह्मपुत्र तथा उनकी सहायक नदियों के कारण हुआ है।
  - इस मैदान का निर्माण जलोढ़ मिट्टी से हुआ है।
  - समृद्ध मृदा के आवरण भरपूर पानी की आपूर्ति एवं अनुकूल जलवायु ने उत्तरी मैदान को कृषि की दृष्टि से भारत का अत्यधिक उपजाऊ भाग बना दिया है।
  - इसी कारण यहाँ का जनसंख्या घनत्व भारत के सभी भौगोलिक विभाजनों की अपेक्षा इस क्षेत्र में सर्वाधिक है।
- उत्तर के मैदान को मुख्य रूप से तीन भागों में बांटा जा सकता है:-
  - पंजाब का मैदान / सिंधु नदी बेसिन उत्तरी मैदान के पश्चिमी भाग को पंजाब का मैदान कहा जाता है।
  - सिंधु एवं इसकी सहायक नदियों द्वारा निर्मित इस मैदान का बड़ा भाग पाकिस्तान में है। सिंधु एवं इसकी सहायक नदियों झेलम, चिनाब, रावी, व्यास एवं सतलुज हिमालय से निकलती है। यह मैदान अधिकतर दोआबों से मिलकर बना है।
- **गंगा का मैदान या बेसिन:-**
  - यह उत्तरी मैदान का सबसे बड़ा भाग है और गंगा तथा तिस्ता नदियों के बीच फैला हुआ है।
  - यह उत्तर भारत के हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार एवं झारखंड के कुछ भाग एवं पश्चिम बंगाल के पूर्वी भाग तक फैला हुआ है।
  - ब्रह्मपुत्र का मैदान इसके पश्चिम विशेषकर असम में स्थित है।
- उच्चावच विविध विशेषताओं पर आधारित विभाजन:
  - **भाबर क्षेत्र:-** इन मैदानों का निर्माण तंग पट्टी में कंकड़ों के जमा होने से होता है जो शिवालिक की ढलान के समानांतर पाई जाती है। इस पट्टी का निर्माण पहाड़ियों से नीचे उतरते समय विभिन्न नदियों द्वारा किया जाता है। सभी नदियाँ भाबर पट्टी में आकर विलुप्त हो जाती है।
  - **तराई क्षेत्र :-** यह क्षेत्र भाबर के बाद आता है और नए

जलोढ़ से बना होता है। इस क्षेत्र का निर्माण नदियों के पुनः प्रकट होने से होता है जिसके कारण नदियाँ नम एवं दलदली क्षेत्र का निर्माण करती हैं जिसे तराई कहा जाता है। यह क्षेत्र जंगलों एवं जंगली जानवरों से भरपूर होता है।

- **बांगर क्षेत्र :-** इन मैदानों का निर्माण पुरानी जलोढ़ मृदा से होता है। वे नदियों के बाढ़ के मैदानों के ऊपर स्थित हैं तथा वेदिका जैसी आकृति प्रदर्शित करते हैं। ये मैदान नदी के बेसिन से दूर पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में चूनेदार निक्षेप पाए जाते हैं जिन्हें स्थानीय भाषा में 'कंकड़' कहा जाता है और यह कम उपजाऊ होती है।
- **खादर क्षेत्र :-** यह क्षेत्र बांगर के निचले भागों में पाया जाता है। इसका निर्माण अपेक्षाकृत नए जलोढ़ से होता है जो नदियों द्वारा मैदानों में बहने के दौरान जमा किया जाता है। बाढ़ के मैदानों में नए तथा युवा निक्षेपों को खादर कहा जाता है। वे बहुत उर्वर होते हैं तथा गहन कृषि के लिए आदर्श माने जाते हैं।

➢ तटीय मैदानः-

- पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में अरब सागर के किनारों पर तटीय मैदान एक पट्टी के आकार में फैले हुए हैं।
- पश्चिमी तट जो कि पश्चिमी घाट एवं अरब सागर के बीच है, एक संकरा मैदान है। यह तीन भागों में बंटा हुआ है तट का उत्तरी भाग को कोंकण, मध्य विस्तार को कन्नड़ एवं दक्षिणी विस्तार को मालाबार तट कहा जाता है।
- बंगाल की खाड़ी के किनारे मैदान चौड़ा और समतल है। उत्तरी भाग में इसे उत्तरी सरकार कहा जाता है जबकि दक्षिणी भाग को कोरोमण्डल तट कहा जाता है।
- बड़ी नदियाँ जैसे महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी इस तट पर एक बड़ा डेल्टा बनाती है।
- चिल्का झील पूर्वी तट की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है।

➢ द्वीप समूह

- लक्षद्वीप और अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह भारत के दो द्वीप समूह हैं।
- लक्षद्वीप, अरब सागर में केरल के मालाबार तट के पास है।
- यह द्वीप समूह छोटे प्रवाल द्वीपों से बना है।
- पहले इनको लकादीव, मीनीकाय तथा एमीनदीव के नाम से जाना जाता था।
- 1973 में इनका नाम लक्षद्वीप रखा गया यह 32 वर्ग कि०मी० के छोटे से क्षेत्र में फैला हुआ है।
- लक्षद्वीप का प्रशासनिक मुख्यालय कावारती में है।
- इस द्वीप समूह पर पौधों एवं जीवों की बहुत सी प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. एक स्थलीय भाग जो तीन ओर से समुद्र से घिरा हो-**

a. तट b. प्रायद्वीप
c. द्वीप d. खाड़ी

**2. भारत के पूर्वी भाग में म्यांमार की सीमा का निर्धारण करने वाले पर्वतों का संयुक्त नाम-**

a. हिमाचल b. पूर्वांचल
c. उत्तराखंड d. दूनघाटी

**3. गोवा के दक्षिण में स्थित पश्चिम तटीय पट्टी-**

a. कोरोमंडल b. कन्नड़
c. कोंकण d. उत्तरी सरकार

**4. पूर्वी घाट का सर्वोच्च शिखर -**

a. अनाईमुड़ी b. महेंद्रगिरी
c. कंचनजंगा d. खासी

**5. हिमालय के सबसे उत्तरी शृंखला को किस नाम से जाना जाता है?**

a. हिमाचल b. हिमाद्री
c. शिवालिक d. दूनघाटी

**6. सिन्धु एवं सतलुज नदी के बीच के हिमालय के भाग का पारंपरिक नाम क्या था?**

a. पूर्वांचल b. कुमाऊँ हिमालय
c. असम-हिमालय d. पंजाब हिमालय

**7. सिन्धु एवं तिस्ता नदी के बीच जमा कंकड़ों की तंग पट्टी जो शिवालिक की ढलान के समानांतर पाई जाती हैं उसे क्या कहा जाता है?**

a. खादर पट्टी b. भाभर पट्टी
c. तराई पट्टी d. बांगर पट्टी

**8. किस क्षेत्र को खनिजों का भंडार कहा जाता है?**

a. छोटानागपुर का पठार b. कार्बी एंगलौंग पठार
c. दक्कन का पठार d. मालवा का पठार

**9. भारतीय उपमहाद्वीप का कौन सा सबसे पुराना भूखण्ड था ? जो गोंडवाना भूमि का हिस्सा था?**

a. भारतीय मरुस्थल b. प्रायद्वीपीय पठार
c. हिमालय क्षेत्र d. तटीय मैदान

**10. कुल्लू घाटी किस राज्य में है?**

a. राजस्थान b. हिमाचल प्रदेश
c. उत्तराखंड d. जम्मू और कश्मीर

**11. कंचनजंगा किस देश में स्थित है?**

a. बंग्लादेश b. भूटान
c. भारत d. नेपाल

**12. पिटली द्वीप जहाँ मनुष्य नहीं रहते और वह किस लिए प्रसिद्ध है?**

a. वन्यजीवन विहार b. पक्षी विहार
c. बायो-रिजर्व d. इनमें से कोई नहीं।।

**13. प्रवाल वलय द्वीप किसे कहते है?**

a. तिकोने आकार के प्रवाल  b. चौकोर प्रवाल

c. a और b दोनों।  d. इनमें से कोई नहीं।।

**14. धौलागिरी किस देश में स्थित है?**

a. भारत  b. म्यांमार

c. नेपाल  d. भूटान

**15. सतलुज और काली नदी के बीच स्थित हिमालय के भाग को क्या कहते हैं?**

a. असम हिमालय  b. कुमाऊँ हिमालय

c. कश्मीर हिमालय  d. नेपाल हिमालय

**16. भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील कौन सी है?**

a. भीमताल  b. सांभर

c. वूलर  d. चिल्का

**17. बरखान का आकार कैसा होता है?**

a. अर्धचंद्राकार  b. चतुर्भुजाकार

c. चौकोर  d. गोल

**18. ग्रेट बैरियर रीफ कहाँ पाई जाती है?**

a. भारत  b. बांग्लादेश

c. आस्ट्रेलिया  d. नेपाल

**19. भारतीय मरुस्थल में पाई जाने वाली एक मात्र नदी कौन सी है?**

a. तापी  b. सतलुज

c. लूनी  d. माही

**20. गहन कृषि किस प्रकार की मृदा पर की जाती है?**

a. कंकर  b. खादर

c. भाभर  d. भांगर

**21. प्रायद्वीपीय पठार का काली मिट्टी का क्षेत्र किस नाम से जाना जाता है?**

a. दक्कन ट्रैप।

b. दक्कन का पठार ।

c. उपरोक्त में से कोई नहीं।

d. छोटा नागपुर का पठार।

**22. भारत के कितने प्रतिशत भाग पर मैदान पाया जाता है?**

a. 11%  b. 43%

c. 39%  d. 54%

**23. भारत के कितने प्रतिशत भाग पर पठार पाया जाता है?**

a. 11%  b. 43%

c. 28%  d. 54%

**24. भारत के उत्तरी सीमा पर कौन-सा पर्वत का विस्तार मिलता है ?**

a. पूर्वी घाट  b. पश्चिमी घाट

c. हिमालय पर्वत श्रृंखला  d. निलगिरी की पहाड़ी

**25. भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित हिमालय पर्वत का विस्तार लगभग कितना किमी. मिलता है -**

a. 2400 km  b. 2500 km

c. 2600 km  d. 2200 km

**26. हिमालय पर्वत श्रृंखला का लगभग चौड़ाई मिलती है -**

a. 150 - 400 km  b. 150 - 300 km

c. 150 - 500 km  d. इनमें से कोई नहीं।

**27. हिमालय पर्वत की औसत ऊँचाई कितनी है ?**

a. 6000 मीटर  b. 8000 मीटर

c. 5000 मीटर  d. इनमें से कोई नहीं।।

**28. माउंट एवरेस्ट की स्थिति है -**

a. भारत  b. नेपाल

c. तिब्बत  d. म्यांमार

**29. माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई कितनी है ?**

a. 8,848 मीटर  b. 8,200 मीटर

c. 4,500 मीटर  d. इनमें से कोई नहीं।।

**30. निम्नलिखित में से कौन सा पर्वत श्रेणी पूर्वांचल से सम्बंधित नहीं है ?**

a. गारो  b. मिजो

c. लुशाई  d. मैकाल

**31. बारामूला दर्रा स्थित है -**

a. पीरपंजाल श्रेणी में  b. शिवालिक श्रेणी में

c. महान हिमालय में  d. काराकोरम में

**32. निम्नलिखित श्रृंखला में सबसे बड़ी श्रृंखला कौन है ?**

a. पीरपंजाल श्रृंखला  b. धौलाधार श्रृंखला

c. महाभारत श्रृंखला  d. उपर्युक्त सभी।

**33. हिमालय की सबसे बाहरी श्रृंखला है -**

a. महान हिमालय  b. लघु हिमालय

c. शिवालिक  d. उपर्युक्त सभी।

**34. टेल्कम पाउडर के निर्माण के लिए किस चट्टान का प्रयोग किया जाता है ?**

a. अग्नीय चट्टान  b. सेलखड़ी

c. रूपांतरित चट्टान  d. उपर्युक्त सभी।

**35. सेलखड़ी किस प्रकार की चट्टान है ?**

a. अग्नीय चट्टान  b. अवसादी

c. रूपांतरित चट्टान  d. उपर्युक्त सभी।

**36. इनमें से कौन पूर्वांचाल की पहाड़ियाँ है ?**

a. पटकाई तथा नागा  b. मिजो

c. मणिपुर  d. उपर्युक्त सभी।

**37. उत्तरी मैदान का क्षेत्रफल लगभग कितना है ?**

a. 7 लाख वर्ग किमी.  b. 9 लाख वर्ग किमी.

c. 6 लाख वर्ग किमी.  d. इनमें से कोई नहीं।।

**38. संसार का सबसे बड़ा नदीय द्वीप है -**

a. सालसेट द्वीप  b. माजोली द्वीप

c. मेडागास्कर द्वीप  d. इनमें से कोई नहीं।।

**39. सिंधु तथा इसके सहायक नदियों द्वारा किस मैदान का निर्माण हुआ है ?**

a. पंजाब का मैदान b. पूर्वी तट का मैदान
c. पश्चिमी तट का मैदान d. उपर्युक्त सभी।

**40. दोआब का अर्थ है -**

a. दो नदियों के बीच का भाग।
b. दो सागरों के बीच का भाग ।
c. दो देशों के बीच का भाग ।
d. इनमें से कोई नहीं। ।

**41. नदियाँ पर्वतों से नीचे उतरते समय 8 से 16 कि.मी. की शिवालिक की ढाल पर चौड़ी पट्टी के रूप में गुटिका का निक्षेपण करती है उसे किस नाम से जाना जाता है ?**

a. तराई b. भाबर
c. खादर d. इनमें से कोई नहीं। ।

**42. शिवालिक से सटी हुई भूमि जो नम तथा दलदली क्षेत्र का निर्माण करती है उसे किस नाम से जाना जाता है?**

a. तराई b. भाबर
c. खादर d. इनमें से कोई नहीं। ।

**43. भारतीय प्रायद्वीप को किस प्राचीन भू-भाग का एक टुकड़ा माना जाता है ?**

a. गोंडवाना भूमि b. अंगारालैंड
c. a और b दोनों d. इनमें से कोई नहीं। ।

**44. हिमालय का निर्माण किस झील के अवसादों पर हुआ है?**

a. टेथिस भू -सन्नति के अवसादों पर ।
b. अरब सागर के अवसादों पर ।
c. वूलर झील के अवसादों पर ।
d. इनमें से कोई नहीं। ।

**45. हिमालय पर्वत किस अवस्था से होकर गुजर रहा है ?**

a. प्रौढ़ा अवस्था b. युवा अवस्था
c. वृधा अवस्था d. इनमें से कोई नहीं।।

**46. हिमालय पर्वत की लम्बाई लगभग कितनी है ?**

a. 2,400 k.m. b. 2,500 k.m.
c. 2,800 k.m. d. इनमें से कोई नहीं। ।

**47. हिमाद्री के नाम से हिमालय के किस श्रेणी को जाना जाता है ?**

a. महान हिमालय b. लघु हिमालय
c. शिवालिक d. इनमें से कोई नहीं। ।

**48. भारत में हिमालय की सर्वोच्च शिखर का नाम है -**

a. माउंट एवरेस्ट b. कंचनजंगा
c. धौलागिरि d. नंदादेवी

**49. हिमालय का निर्माण किस प्रकार के चट्टान से हुआ है ?**

a. अग्नीय b. अवसादी
c. रूपांतरित d. इनमें से कोई नहीं। ।

**50. दक्षिण के पठार का आकार कैसा है ?**

a. त्रिभुजाकार b. चतुर्भुजाकार
c. a. और b दोनों । d. इनमें से कोई नहीं। ।

**51. दक्षिण पठार का एक भाग उत्तर-पूर्व में भी देखा जाता है जिसे स्थानीय भाषा में किस नाम से जाना जाता है?**

a. मेघालय तथा कार्बी एंगलौंग
b. निगिरी
c. a. और b. दोनों ।
d. इनमें से कोई नहीं। ।

**52. अर्धचन्द्राकार रेत के टिब्बे जिन्हें बरखान कहा जाता है किस क्षेत्र की विशेषता है ?**

a. प्रायद्वीपय पठार b. मरुस्थल
c. पूर्वी घाट d. पश्चिमी घाट

**53. लक्षद्वीप का नाम कब रखा गया है ?**

a. 1973 ई. में। b. 1972 ई. में।
c. 1975 ई. में। d. 1970 ई. में।

**54. लक्षद्वीप का क्षेत्रफल कितना है ?**

a. 32 वर्ग किमी. b. 36 वर्ग किमी.
c. 30 वर्ग किमी. d. 20 वर्ग किमी.

**55. मालाबार तट का विस्तार कहाँ मिलता है ?**

a. पूर्वी तट b. पश्चिमी तट
c. a. और b. दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।।

**56. भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है -**

a. चिल्का झील b. वान झील
c. लोकटक झील d. मानसरोवर झील

**57. भारत का कौन-सा स्थान तीन सागरों के मिलन स्थल पर स्थित है ?**

a. कन्याकुमारी b. पुडुचेरी
c. गोवा d. इनमें से कोई नहीं।।

**58. प्रवाल भित्ति से बना एक द्वीप को किस नाम से जाना जाता है ?**

a. निकोबार द्वीप b. लक्षद्वीप
c. बैरन द्वीप d. इनमें से कोई नहीं।।

**59. भारत के पूर्वी भाग में म्यांमार की सीमा का निर्धारण करने वाले पर्वतों का संयुक्त नाम है -**

a. हिमाचल b. पूर्वांचल
c. उत्तरांचल d. इनमें से कोई नहीं।।

**60. गोवा के दक्षिण में स्थित पश्चिमी तटीय पट्टी का क्या नाम है ?**

a. कोरोमंडल b. कन्नड़
c. कोंकण d. उत्तरी सरकार

**61. दो नदियों के बीच बने भू-भाग को क्या कहा जाता है?**

a. गलियारा b. लैगून
c. दोआब d. इनमें से कोई नहीं।।

**62. हिमालय की सबसे बाहरी शृंखला है -**

a. सतपुड़ा b. महेंद्रगिरी
c. निलगिरी d. शिवालिक

**63. अरब सागर में भारत का कौन-सा द्वीप है ?**

a. निकोबार द्वीप b. लक्षद्वीप

c. बैरन द्वीप d. इनमें से कोई नहीं।।

**64. किसे बादलों और वर्षा का राज्य कहा जाता है ?**

a. केरल b. असम

c. त्रिपुरा d. मेघालय

**65. दक्कन ट्रैप के नाम से जाना जाता है -**

a. भारतीय मरुस्थल b. तटीय मैदान

c. प्रायद्वीपय पठार d. भारतीय द्वीप समूह

**66. किसके उत्तर में अंगारालैंड भूमि थी ?**

a. गोंडवानालैंड b. इजिप्ट

c. टेथिस d. इनमें से कोई नहीं।।

**67. निलगिरी की सबसे ऊँची चोटी कौन है ?**

a. महेंद्रगिरी b. दोदाबेटा

c. गुरुशिखर d. अमरकंटक

**68. चिल्का झील उद्हारण है -**

a. लैगून का b. सागर का

c. a. और b. दोनों का। d. इनमें से कोई नहीं।।

**69. किन दो पर्वत श्रेणियों के बिच कश्मीर घाटी स्थित है ?**

a. वृहत हिमालय और पीरपंजाल।

b. लद्दाख और जासकर।

c. वृहत हिमालय और जासकर।

d. काराकोरम और जासकर।

**70. भारत का प्राचीनतम पर्वत कौन-सा है ?**

a. हिमालय b. अरावली

c. निलगिरी d. विन्ध्याचल

**71. जास्कर श्रेणी स्थित है -**

a. उत्तराखंड b. अरुणाचल प्रदेश

c. असम d. जम्मू और कश्मीर

**72. निम्नलिखित में से किस पहाड़ी पर पूर्वी घाट, पश्चिमी घाट से मिलता है ?**

a. आनाइमुड़ी पहाड़ी b. पालनी पहाड़ी

c. निलगिरी पहाड़ी d. इनमें से कोई नहीं।।

**73. निम्नलिखित में से कौन सी पर्वत शृंखला भारत में केवल एक राज्य में फैली है?**

a. सतपुड़ा b. अरावली

c. अजन्ता d. सहयाद्री

**74. श्रीहरिकोटा द्वीप निकट अवस्थित है-**

a. पुलीकट झील के b. चिल्का झील के

c. महानदी मुहाना के d. गोदावरी मुहाना

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. b | 2. b | 3. c | 4. b |
| 5. b | 6. d | 7. b | 8. a |
| 9. b | 10. b | 11. c | 12. b |
| 13. d | 14. c | 15. b | 16. d |
| 17. a | 18. c | 19. c | 20. b |
| 21. a | 22. b | 23. c | 24. c |
| 25. a | 26. a | 27. a | 28. b |
| 29. a | 30. d | 31. a | 32. a |
| 33. b | 34. c | 35. b | 36. d |
| 37. a | 38. b | 39. a | 40. a |
| 41. b | 42. a | 43. a | 44. a |
| 45. b | 46. a | 47. a | 48. b |
| 49. b | 50. a | 51. a | 52. b |
| 53. a | 54. a | 55. b | 56. a |
| 57. a | 58. b | 59. b | 60. b |
| 61. c | 62. d | 63. b | 64. d |
| 65. b | 66. a | 67. b | 68. a |
| 69. b | 70. b | 71. d | 72. c |
| 73. c | 74. a | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह पर स्थित एक ज्वालामुखी द्वीप का नाम क्या है ?**

**उत्तर-** बैरनद्वीप।

**2. प्राकृतिक विभिन्नता के आधार पर उत्तरी मैदान को कितने भागों में बाँटा जा सकता है?**

**उत्तर-** प्राकृतिक विभिन्नता के आधार पर उत्तरी मैदान को चार भागों में बाँटा जा सकता है। (i) भावर क्षेत्र (ii) तराई क्षेत्र (iii) भांगर क्षेत्र (iv) खादर क्षेत्र

**3. प्रायद्वीपीय पठार का निर्माण किन शैलों से हुआ है?**

**उत्तर-** प्रायद्वीपीय पठार एक मेज की आकृति वाला स्थल है जो पुराने क्रिस्टलीय आग्नेय तथा रूपांतरितः शैलों से बना है। यह गोंडवाना भूमि के टूटने एवं अपवाह के कारण बना था। यही कारण है कि यह प्राचीनतम भूभाग का एक हिस्सा है।

**4. मध्य उच्च भूमि के विस्तार के बारे में वर्णन करें।**

**उत्तर-** यह उच्च भूमि मालवा के पठार के अधिकतर भागों में फैला हुआ है। विंध्य शृंखला दक्षिण में मध्य उच्च भूमि तथा उत्तर पश्चिम में अरावली से घिरी है। पश्चिम में यह धीरे-धीरे राजस्थान के बलुई तथा पथरीले मरुस्थल से मिल जाता है। इस पठार के पूर्वी विस्तार को स्थानीय रूप से बुंदेलखंड तथा बघेलखंड के नाम से जाना जाता है। इसके पूर्व के विस्तार को दामोदर नदी द्वारा अपवाहित छोटानागपुर पठार दर्शाता है।

**5. पूर्वांचल पहाड़ियों के निर्माण तथा विस्तार के बारे में बताइए।**

**उत्तर-** पूर्वाचल पहाड़ियों मजबूत बलुआ पत्थरों जो अवसादी शैल से बनी है। ये घने जंगलों से ढँकी है तथा अधिकतर समानांतर शृंखलाओं एवं घाटियों के रूप में फैली है। पूर्वांचल से पटकाईबूम, नागा, लुसाई, मिजो तथा मणिपुर पहाड़ियाँ शामिल है।

6. **उत्तरी मैदान का निर्माण किस प्रकार हुआ है?**

**उत्तर-** उत्तरी मैदान तीन प्रमुख नदी प्रणालियों सिंधु, गंगा एवं ब्रह्मपुत्र तथा इनकी सहायक नदियों से बना है। लाखों वर्षों में हिमालय के गिरिपाद में स्थित बहुत बड़े बेसिन में जलोढ़ों का निक्षेप हुआ जिससे इस उपजाऊ मैदान का निर्माण हुआ है।

7. **प्रायद्वीपीय पठार की तीन विशेषताएं बताएँ ।**

**उत्तर-** प्रायद्वीपीय पठार की विशेषताएँ (i) यह तीन ओर से समुद्र से घिरा हुआ है। (ii) इसके कुछ भागों में काली मृदा पायी जाती है। (iii) प्रायद्वीपीय पठार असमतल है।

8. **पश्चिमी तटवर्ती मैदान को कितने भागों में विभाजित किया जा सकता है?**

**उत्तर-** पश्चिमी तटवर्ती मैदान को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। (i) कोंकण तट (ii) मालाबार तट (iii) कन्नड़ का मैदान

9. **भारतीय मरूस्थल की विशेषताएँ बतलाएँ।**

**उत्तर-** भारतीय मरूस्थल की विशेषताएँ :- (i) यह बालू के डिब्बों से ढँका एक तरंगित मैदान है। (ii) इस क्षेत्र में प्रति वर्ष 150 मि.मी. से भी कम वर्षा होती है। (iii) इस शुष्क जलवायु वाले क्षेत्र में वनस्पति बहुत कम है।

10. **माउंट एवरेस्ट किस देश में स्थित है ?**

**उत्तर-** नेपाल ।

11. **अरावली और विन्ध्याचल पहाड़ियों के बीच कौन-सा पठार स्थित है ?**

**उत्तर-** मालवा का पठार ।

12. **चिल्का झील किस राज्य में स्थित है ?**

**उत्तर-** उड़ीसा ।

13. **वह भूभाग जो चारों ओर से जल से घिरा हो क्या कहलाता है ?**

**उत्तर-** द्वीप ।

14. **निम्न हिमाचल एवं शिवालिक के बीच में स्थित लंबवत घाटी को किस नाम से जाना जाता है ?**

**उत्तर-** दून।

15. **आज के एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका किसके भाग थे ?**

**उत्तर-** गोंडवाना लैंड।

16. **बंगाल की खाड़ी के साथ लगे चौंड़े मैदान के उत्तरी भाग को क्या कहा जाता है ?**

**उत्तर-** उत्तरी सरकार ।

17. **केरल के मालाबार तट के पास कौन-सा द्वीप समूह स्थित है?**

**उत्तर-** लक्षद्वीप।

18. **नामचा बरूआ किस देश में है ?**

**उत्तर-** भारत ।

19. **किन नदियों से इंदिरा गाँधी नहर निकाली गयी है ?**

**उत्तर-** व्यास, सतलुज, रावी।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. **प्रवाल पॉलिप्स क्या है? इनके बारे में संक्षिप्त में लिखिए।**

**उत्तर-** प्रवाल पॉलिप्स कम समय तक जीवित रहने वाले सूक्ष्म प्राणी हैं, जो समूहों में रहते हैं। इनका विकास छिछले तथा गर्म जल में होता है। इनसे कैल्शियम कार्बोनेट का स्राव होता है। प्रवाल स्राव एवं प्रवाल स्थियां टीले के रूप में निक्षेपित होती हैं। ये तीन प्रकार के होते है- i) प्रवाल रोधिका ii) तटीय प्रवाल भित्ति iii) प्रवाल वलय द्वीप आस्ट्रेलिया का ग्रेट बैरियर रीफ प्रवाल रोधिका का अच्छा उदाहरण है। प्रवाल वलय द्वीप गोलाकार या हार्स शू आकार वाले रोधिका होते हैं।

2. **पश्चिमी एवं पूर्वी तटीय मैदान के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर-** पश्चिमी एवं पूर्वी तटीय मैदान के बीच अंतरः-

| पश्चिमी तटीय मैदान | पूर्वी तटीय मैदान |
|---|---|
| 1. इन मैदानों का क्षेत्र संकरा है जिसमें पहाड़ी भाग छिटका हुआ है। | 1. ये मैदान चौड़े है जिनमें पूर्ण विकसित डेल्टा है। |
| 2. ये मैदान अरब सागर और पश्चिमी घाट के बीच स्थित हैं। | 2. ये मैदान बंगाल की खाड़ी और पूर्वी घाट के बीच स्थित है। |
| 3. इस तट पर मालाबार तट क्षेत्र में सुंदर झीले हैं। | 3. पूर्वी तट पर भली प्रकार विकसित डेल्टा है। |
| 4. इसकी मुख्य नदियाँ तापी, नर्मदा, मांडवी एवं जुआरी है। | 4. इसकी मुख्य नदियाँ महानदी, गोदावरी, कोवरी और कृष्णा है। |

3. **भौगोलिक इकाइयों की मुख्य विशेषताओं के बारे में संक्षिप्त में लिखिए।**

**उत्तर-** भौगोलिक इकाइयों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है-

**(क) उत्तर हिमालय की विशाल पर्वत श्रृंखला :-**

(i) हिमालय श्रृंखला नवीन वलित पर्वत है।

(ii) इनका उच्चावच अत्यधिक अनियमित है।

(iii) इसके कुछ क्षेत्र अत्यधिक ऊँचे पर्वत हैं जबकि अन्य भागों में गहरी घाटियों है।

(iv) इस क्षेत्र में मैदानी भाग बहुत सीमित है।

**(ख) उत्तर का मैदान:-**

(i) उत्तर के मैदान लगभग समतल है और वे एक बड़े क्षेत्र में फैले हुए हैं।

(ii) वे जलोढ मृदा से बने है।

**(ग) प्रायद्वीपीय पठारः-**

(i) पठारी क्षेत्र बहुत पुरानी स्थलाकृति है जिसका क्षेत्र बहुत विशाल है।

(ii) इस पठार में अधिक भूगर्भीय हलचल नहीं हुआ है।

**(घ) भारत के तटीय मैदान और द्वीप समूहः**

(i) पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में अरब सागर के किनारों पर तटीय मैदान एक पट्टी के आकार में फैले हुए हैं।

(ii) भारत के द्वीप समूह दो समूहों में स्थित है। अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी दोनों के दक्षिण में एक-एक ।

**4. हिमालयी पर्वतों का क्षेत्रीय वर्गीकरण क्या है?**

**उत्तर-** हिमालय शृंखला पश्चिम से पूर्व की ओर क्षेत्र के आधार पर बांटी गई है

(क) सिंधु एवं सतलुज नदी के बीच के हिमालय के भाग को पारंपरिक रूप से पंजाब हिमालय के नाम से जाना जाता है किन्तु क्षेत्रीय तौर पर इसे क्रमश: कश्मीर और हिमाचल हिमालय के नाम से जाना जाता है।

(ख) सतलुज और काली नदी के बीच के क्षेत्र को कुमाँऊ हिमालय के नाम से जाना जाता है।

(ग) काली और तिस्ता नदी के बीच का क्षेत्र नेपाल हिमालय के नाम से एवं तिस्ता व दिहांग नदी के बीच का क्षेत्र असम हिमालय का सीमांकन करती हैं।

(घ) दिहांग महाखड्ड के बाद हिमालय पर्वत तेजी से दक्षिण दिशा में मुड़ता है और भारत की पूर्वी सीमा के साथ फैल जाता है। इसे पूर्वाचल या पूर्वी पहाड़ियों एवं पर्वतों के नाम से जाना जाता है। पूर्वांचल में पटकाई, नागा, मणिपुर एवं मीजो पहाड़ियाँ आती है।

**5. भारत के उत्तरी मैदान का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर-** भारत के उत्तरी मैदान का निर्माण सिंधु, गंगा तथा ब्रह्मपुत्र एवं इसकी सहायक नदियों द्वारा हुआ है। लाखों वर्षों में हिमालय के गिरिपाद में स्थित एक बहुत बड़े बेसिन में जलोढों के निक्षेपों द्वारा निर्मित यह अत्यंत उपजाऊ मैदान है। इस मैदान की लम्बाई 2400 कि.मी. है तथा यह 240 से 320 कि.मी. चौड़ा है। इसका सकल क्षेत्रफल लगभग 7 लाख वर्ग कि.मी. है। अपनी अनुकूल पर्यावरणीय विशेषताओं के कारण यह भारत का सबसे अधिक कृषि उत्पादन वाला क्षेत्र है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. प्रायद्वीपीय पठार का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर-** प्रायद्वीपीय पठार एक मेज की आकृति वाला स्थल है जो पुराने क्रिस्टलीय आग्नेय तथा रूपांतरित शैलों से बना है। यह गोंडवाना भूमि के टूटने एवं अपवाह के कारण बना था तथा यही कारण है कि यह प्राचीनतम भूभाग का एक हिस्सा है। इस पठारी भाग में चौड़ी तथा छिछली घाटियों एवं गोलाकार पहाड़ियाँ हैं। इस पठार के दो मुख्य भाग हैं- 'मध्य उच्चभूमि तथा दक्कन का पठार । पठारी क्षेत्र बहुत पुरानी स्थलाकृति है जिसका क्षेत्र बहुत विशाल है। इस पठार की एक प्रमुख विशेषता काली मिट्टी है जिसे दक्कन ट्रैप कहा जाता है। इसका उद्गम ज्वालामुखीय है और इसलिए चट्टाने आग्नेय हैं। पूरा दक्कन का पठार विषुवतीय क्षेत्र में स्थित है। इसमें वर्षा मध्यम होती है। दक्कन ट्रैप काली लावा मिट्टी से बना है जो कपास की खेती के लिए बहुत लाभदायक है। प्रायद्वीपीय पठार के पश्चिमी एवं उत्तर पश्चिमी छोर पर अरावली पहाड़ियाँ स्थित हैं। ये गुजरात से दिल्ली तक दक्षिण-पश्चिम-उत्तर पूर्व दिशा में फैली हुई हैं। नर्मदा नदी जो कि पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है. प्रायद्वीपीय पठार को दो भागों में बांटती है।

(i) **मध्य उच्च भूमि:-** नर्मदा नदी के उत्तर में प्रायद्वीपीय पठार का वह भाग जो कि मालवा के पठार के अधिकतर भागों पर फैला है उसे मध्य उच्चभूमि के नाम से जाना जाता है। विंध्य शृंखला दक्षिण में मध्य उच्चभूमि तथा उत्तर-पश्चिम में अरावली से घिरी है।

(ii) **दक्कन का पठार** :- यह एक तिकोना भूखंड है जो नर्मदा नदी के दक्षिण में स्थित है। उत्तर में इसके चौड़े आधार पर सतपुड़ा की शृंखला है जबकि महादेव कैमूर की पहाड़ियों एवं मैकाल शृंखला इसके पूर्वी विस्तार है। दक्कन के पठार के पूर्वी एवं पश्चिमी सिरे पर क्रमशः पूर्वी तथा पश्चिमी घाट स्थित है।

**2. तटीय मैदानों पर संक्षिप्त चर्चा किजये ।**

**उत्तर-** पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में अरब सागर के किनारों पर तटीय मैदान एक पट्टी के आकार में फैले हुए हैं। बंगाल की खाड़ी के किनारे मैदान चौड़ा और समतल है। उत्तरी भाग में इसे उत्तरी सरकार कहा जाता है जबकि दक्षिणी भाग को कोरोमण्डल तट कहा जाता है। बड़ी नदियाँ जैसे महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी इस तट पर एक बड़ा डेल्टा बनाती हैं। चिल्का झील (भारत की सबसे बड़ी नमकीन पानी की झील जो उड़ीसा में स्थित है) पूर्वी तट की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है।

**पश्चिमी तट तीन भागों में बंटा हुआ हैः-**

(i) कोंकण जो कि महाराष्ट्र, गोआ और कर्नाटक के दक्षिण भाग में फैला हुआ है।

(ii) कर्नाटक में कन्नड़

(iii) केरल में मालाबार तट

3. दिये गए भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित पर्वतों को दर्शाएँ :-

a. K-2
b. माउंट एवेरेस्ट
c. कंचनजंगा
d. गुरुशिखर
e. धूपगढ़
f. निलगिरी
g. अन्नामलाई
h. इलाइची

उत्तर-

